**हिंदी दिवस गतिविधियों पर रिपोर्ट **

कोटि-कोटि कंठों की भाषा, जन गण की मुखरित अभिलाषा । हिंदी है पहचान हमारी, हिंदी हम सबकी परिभाषा।
दिल्ली पब्लिक स्कूल, मारुति कुंज में 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर 'हिंदी गतिविधियों' का आयोजन किया गया।
विद्यालय प्रधानाचार्य जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस सप्ताह के दौरान छात्रों ने कविता पाठ, स्लोगन लेखन, नाटक, कहानी कथन और पठन जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनका उद्देश्य हिंदी भाषा को सशक्त और समृद्ध बनाना था।

इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि हिंदी हमारे देश की पहचान है ।
प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा को संरक्षित करने में हम सभी की जिम्मेदारी है। अपनी मातृभाषा को हमें घर परिवार और अपने संपर्क की भाषा के रूप में अपनाना चाहिए ।बच्चों ने

हिंदी के महत्व को समझते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोने और बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

इस सफल आयोजन के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों का आभार।
धन्यवाद!